--प्रेस नोट--

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 29.12.2024

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 28.12.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त वसीम पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मंसुरपुर मुजफ्फरनगर को दयाल गार्डन के सामने नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु00सं0- 506/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना चरथावल पुलिस द्वारा लूट के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 28.12.2024 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह ढिल्लो मय हमराहीगण द्वारा थाना चरथावल पर पंजीकृत लूट के अभियोग 254/2024 धारा 309(6) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर लुटेरे अभियुक्तगण 01- काला पुत्र बिरमा 2- रवि उर्फ रवीश पुत्र राजवीर 3- छोटू पुत्र काला 4- आकाश पुत्र राजवीर निवासीगण ग्राम बिरालसी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर हरनाकी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 8000/- रूपये नगद, 01 सफेद धातु की चैन, 01 मोबाईल फोन तथा बांस के डन्डे में लगा हथियार बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 29.12.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 8 जितेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अवैध शराब तस्कर अभियुक्त रोहित उर्फ रूल्हा पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम तुगलकपुर थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को कस्बा पुरकाजी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 20 टैट्रा पैंक अवैध देशी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 262/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।